सार-समाचार

स्वच्छता सर्वेक्षण-2025 के लिए 200 छात्र-छात्राओं ने दी शपथ

गंगापुर सिटी । नगर परिषद क्षेत्र में स्वच्छ सर्वेक्षण-2025 के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर द्वारा जारी मासिक आईईसी कैलेंडर के निर्देशों के तहत नगर परिषद गंगापुर सिटी नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। राजकीय हायर सेकेंडरी स्कूल गंगापुर सिटी में एक स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया और उन्हें स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान छात्रों के लिए एक स्वच्छता क्विज का आयोजन किया गया। साथ ही, उन्हें प्लास्टिक के दुष्प्रभावों, गीले-सूखे कचरे के पृथक्करण और होम कंपोस्टिंग (घर पर खाद बनाने की प्रक्रिया) के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। नगर परिषद विभिन्न आईईसी (सूचना, शिक्षा और संचार) गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को जागरूक कर रही है। परिषद की टीम ने आमजन से अपील की है कि वे सूखा और गीला कचरा अलग-अलग पात्रों में रखें। कचरा केवल संग्रहण वाहन में ही डाला जाए और अपने आसपास सफाई बनाए रखी जाए, ताकि गंदगी न फैले। इसके अतिरिक्त, होम कंपोस्टिंग के जरिए घर से निकलने वाले जैविक कचरे से खाद बनाने की प्रक्रिया भी समझाई गई। कार्यक्रम के दौरान एमआईएस इंजीनियर भूरसिंह मीणा ने बताया कि नगर परिषद की टीम द्वारा आमजन को जागरूक करने का यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि गंगापुर सिटी का लक्ष्य स्वच्छ सर्वेक्षण-2025 में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करना है।

मृतकों के आश्रित को सहायता राशि स्वीकृत

करौली, (निंसं.) जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने बताया कि प्रहलाद महावर पुत्र रामफूल महावर निवासी ठाम पोस्ट शहर, तहसील नादौती, जिला करौली की 8 सितम्बर 2025 को तालाब में पैर फिसलने से हुई दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर नादौती के तहसीलदार की रिपोर्ट प्राप्त होने पर मृतक के परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण मुख्यमंत्री सहायता कोष से राशि 1 लाख रूपये की आर्थिक सहायता मृतक की पत्नी शिमला देवी को भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने बताया कि महेन्द्रसिंह पुत्र फत्तेसिंह निवासी ठाम खानाका, पोस्ट जगर, तहसील सूरौठ जिला करौली की 5 मार्च 2025 को सडक दुर्घटना होने पर उपचार के दौरान मृत्यु हो जाने पर सूरौठ के तहसीलदार की रिपोर्ट प्राप्त होने पर मृतक के परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण मुख्यमंत्री सहायता कोष से राशि 1 लाख रूपये की आर्थिक सहायता मृतक की पत्नी लच्छो देवी को भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई।

छात्राओं को दी साइबर क्राइम की जानकारी

गंगापुर सिटी। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का तृतीय एकदिवसीय शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर उप-प्राचार्य और कार्यक्रम अधिकारी राधा मीणा के निर्देशन में संपन्न हुआ। शिविर की मुख्य थीम विभागीय निर्देशानुसार ष्साइबर सुरक्षाष रखी गई थी, जिसमें सभी स्वयंसेविकाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या राजेन्द्री मीणा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद, कार्यक्रम अधिकारी राधा मीणा ने स्वयंसेविकाओं को साइबर सुरक्षा के महत्व और डिजिटल दुनिया में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जागरूक किया। प्रधानाचार्या ने छात्राओं को बढ़ते साइबर अपराधों, उनसे जुड़े जोखिमों और बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी।शिविर के दौरान, स्वयंसेविकाओं ने ष्साइबर सुरक्षाष विषय पर आकर्षक पोस्टर बनाए, जिनके माध्यम से उन्होंने जागरूकता संदेश प्रसारित किए। इसके पश्चात, सभी स्वयंसेविकाओं ने स्कूल परिसर में एक व्यापक सफाई अभियान चलाया, जिससे स्वच्छता का संदेश भी दिया गया। शिविर के समापन पर, सभी प्रतिभागियों को अल्पाहार वितरित किया गया। अंत में, कार्यक्रम अधिकारी राधा मीणा ने शिविर के सफल आयोजन की घोषणा की और स्वयंसेविकाओं को भविष्य में भी सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।

अवधेश शर्मा ने अन्ता उपचुनाव जीत पर व्यक्त की खुशी

भरतपुर (निस)। शहर कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी (चिकित्सा प्रकोष्ठ) के प्रदेश महामंत्री अवधेश कुमार शर्मा ने राजस्थान की अन्ता विधानसभा सीट पर विजय पाने पर केन्द्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व एवं प्रमोद जैन भाया तथा अन्ता की जनता को बधाई प्रेषित करते हुए खुशी जाहिर की है तथा प्रदेश की जनता को कांग्रेस पार्टी की रीति नीतियों में विश्वास जताने के लिए धन्यवाद दिया है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता अवधेश कुमार शर्मा ने कहा कि आगे आने वाले चुनावों में पंचायत राज एवं नगर पालिका, नगर निगम एवं बोर्डों में भी इसी प्रकार प्रदेश की जनता जनार्दन कांग्रेस पार्टी कबी रीति नीतियों में विश्वास जताते हुए कांग्रेस पार्टी को भारी बहुमत से जिताकर अपना आर्शीवाद प्रदान करेगी।

राष्ट्रीय बाल दिवस पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

भरतपुर (निस)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भरतपुर के द्वारा भरतपुर मुख्यालय एवं तालुका बयाना, वैर, नदबई, रूपवास एवं मुख्यालय उच्चौन एवं भुसावर में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गये। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भरतपुर के सचिव, अनुतोष गुप्ता के द्वारा एस.बी.के. बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, भरतपुर एवं सनातन विद्यालय, भरतपुर में आयोजित बाल मेले में भाग लिया। सचिव के द्वारा उपस्थित बच्चों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को बाल दिवस तथा बच्चों के अधिकार, जनउपयोगी सेवाएं, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी गई। बाल मेले में बच्चों के द्वारा तकनीकी सामग्री, खेलकूद, खाने-पीने की सामग्री की स्टॉल लगाई गई, जिनका सचिव के द्वारा अवलोकन किया गया और बच्चों को इसी प्रकार की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भरतपुर के द्वारा दिये गये निर्देशन में एस.डी.एस. उच्च माध्यमिक विद्यालय में जनरक्षक अधिवक्ता मृगराज मनहर के द्वारा विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया और इसके अतिरिक्त भरतपुर मुख्यालय एवं तालुका बयाना, वैर, नदबई, रूपवास एवं मुख्यालय उच्चौन एवं भुसावर में संचालित सरकारी/गैर सरकारी विद्यालयों में भी जागरूकता रैली एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गये।

भाजपाइयों ने बिहार में भाजपा की जीत पर मनाया जश्न

करौली- (निंसं.) बिहार में भारतीय जनता पार्टी के प्रचंड बहुमत आने पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर छा गई और उन्होंने आतिशबाजी कर मिठाई वितरण कर खुशी मनाई। इस दौरान भाजपा करौली शहर मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने करौली के मुख्य चौराहे फूटाकोट पर मिठाई खिलाकर एवं पटाखे चलाकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। इस दौरान जिला महामंत्री सुरेश शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा उर्फ योगी, जिला मीडिया प्रभारी मुकेश सालोत्री, मंडल महामंत्री तेजेंद्र सिंह,आशीष जैन, विकी गुरु, धन सिंह चौहान, मुकेश कुशवाहा, सुमित भट्ट, सुनील भारद्वाज, विपिन शर्मा, अजय भान आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अधिवक्ता की भर्ती के लिए अंतिम तिथी 17 नवम्बर

करौली, (निंसं.) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) करौली की सचिव ने बताया कि माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली की मॉडिफाइड लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल स्कीम, 2022 के प्रावधानों के अनुरूप करौली जिले के लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल कार्यालय हेतु अधिवक्ताओं की भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। उन्होंने बताया कि उक्त स्कीम के अनुसार अधिवक्ताओं का चयन संबंधित जिला एवं सेशन न्यायाधीश (अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण) की अध्यक्षता में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नि:शुल्क और सक्षम कानूनी सेवा) नियम 2010 के अनुसार गठित समिति द्वारा किया जाएगा।

एसआईआर में सभी भाजपा बी एल ए व कार्यकर्ता अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाए : निमिषा गौड़

■ भाजपा द्वारा गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बी एल ए 2 कार्यशाला संपन्न

गंगापुर सिटी (। भाजपा राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निदेशानुसार भाजपा गंगापुर सिटी के तत्वावधान में केंद्र सरकार एवं निर्वाचन आयोग के मार्गदर्शन में बृहद स्तर पर चलाये जा रहे मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के संदर्भ में पार्थ रिसोर्ट में बी एल ए 2 कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उक्त गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की संभाग प्रभारी निमिषा गौड़ रही जबकि कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला प्रभारी सुनीता चौधरी, सभापति शिवरतन गुप्ता, प्रधान मंजू गुर्जर ,जिला उपाध्यक्ष दीपक सिंघल, तलावड़ा मंडल अध्यक्ष पुखराज सलेमपुर, वजीरपुर मंडल अध्यक्ष चतुर्भुज गोयल, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुनीता वैष्णव, मंडल महामंत्री कमलेश महावर उपस्थित रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर द्वारा की गई।

भाजपा जिला सह मीडिया प्रमुख धनेश शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय,श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलन कर की गयी कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री विनोद अटल द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की संभाग प्रभारी निमिषा गौड़ एवं जिला प्रभारी चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से उपस्थित सभी बी एल ए 2 एवं कार्यकर्ताओं को केंद्र सरकार निर्वाचन आयोग द्वारा वर्तमान में संचालित मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए केन्द्र सरकार द्वारा नियुक्त बूथ लेवल अधिकारियों के साथ मिलकर अपने-अपने बूथ के मतदाताओं के घर-घर पहुंचकर उनके मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के कार्य को अपनी निष्ठा और ईमानदारी से संपन्न कराने में अपनी भूमिका निभाने के लिए निर्देशित किया गया। इसी के साथ उक्त कार्यक्रम के दौरान रखी जाने वाली विशेष सावधानियां मतदाता से नवीनतम फोटो प्राप्त करना,2002 की मतदाता सूची में पुराने मतदाताओं के रिकॉर्ड को लिंक से प्राप्त करना सहित अनेक बारीकियों के बारे में बताया गया।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं से आगामी पंचायती राज एवं नगर निकाय चुनावों के दृष्टिकोण से लोकतंत्र की मजबूती में बूथ सशक्तिकरण की भावना के साथ राष्ट्रवाद की भावना से अपनी अहम भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। साथ ही जिला मोर्चा संयोजक जमनालाल वैष्णव द्वारा भी गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम एसआईआर के संदर्भ में अपने विचार व्यक्त किए गए। इस अवसर पर रामसिंह खटाना, रमेश शर्मा वजीरपुर, रामभरोसी वैष्णव, शिवदुलारी, दीपा गुप्ता, डॉ शाकिर, हरकेश गुर्जर, नरसी गुर्जर, महेंद्र रेवाड़ी, सोमेश्वर टटवाल, ओमी कटारिया, अखिलेश शर्मा, पंडित मोहनलाल शर्मा, रुपसिंह, गोविंद गुप्ता, ओमप्रकाश पटेल, बदन सिंह, भीमसिंह, चिरंजी लोधा, महेश कटारिया, अंकित तंवर, भगवान सहाय शर्मा, देवेश पितलिया, भगवान सिंधी, गोपाल धामोनिया, विजेन्द्र जैसावत, गौरव मंगल, खेमराज जैसावत, अतुल शर्मा, रायसिंह, गोपाल गर्ग, गोविंद पाराशर, वेदप्रकाश शर्मा, रवि गोठवाल सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जिला कलेक्टर ने सुनी आमजन की परिवेदनाएं

करौली, (निंसं.) राज्य सरकार के निर्देशानुसार नवीन त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था की अनुपालना में आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई एवं उनके त्वरित निस्तारण के लिए ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। पंचायत समिति हिण्डौन के भारत निर्माण केन्द्र पर जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना के निर्देशन में ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला कलक्टर ने संवेदनशीलता के साथ परिवादियों की समस्याएं सुनी और उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। साथ ही विभिन्न प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही करते हुए परिवादियों को राहत भी दिलाई।

जिला कलेक्टर ने जनसुनवाई के दौरान कहा कि राजस्थान संपर्क पोर्टल पर 90 से 180 दिन के प्रकरण, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त प्रकरण, संभाग कार्यालय, मानवाधिकार आयोग से प्राप्त प्रकरणों का अधिकारी 07 दिन मे निस्तारण करना सुनिश्चित करें जिससे कि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार आमजन को राहत मिले।

उन्होंने लंबित चल रहे दर्ज प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण करते हुए समय पर रिपोर्ट भिजवाना सुनिश्चित करें जिससे परिवादी की समस्या का समाधान हो सके। जिला कलक्टर ने प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे आमजन की परिवेदनाओं को संवेदनशीलता के साथ नियमित रूप से सुने और मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए उनका त्वरित निस्तारण कर परिवादियों को राहत दिलाएँ। अधिकारीगण यह भी सुनिश्चित करें कि इस जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों की आगामी जनसुनवाई में पुनरावृति न हो। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों के कई प्रकरण प्राप्त हुए। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीना, उपखंड अधिकारी हिण्डौन हेमराज गुर्जर सहित अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी एवं परिवादी उपस्थित रहे।

इसके पश्चात उप जिला निर्वाचन अधिकारी हेमराज परिडवाल द्वारा विधानसभा क्षेत्र सपोटरा की लांगरा, गढी का गांव, नकटीपुरा के बूथ लेवल अधिकारी का परिगणना प्रपत्रों के वितरण व संठाहण का मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया। बीएलओ के कार्य का निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया गया कि परिगणना प्रपत्रों का भली-भांति सही व स्पष्ट प्रविष्टि को भरा जावे, जिससे प्रपत्र में किसी प्रकार की गलती नहीं होवे। इस अवसर पर ईआरओ हिण्डौन हेमराज गुर्जर, उपखंड अधिकारी नादौती काजल मीना सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

संगोष्ठियों का आयोजन रविवार को

करौली, (निंसं.) राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के तत्वावधान में रविवार16 नवम्बर को जिले की समस्त उपशाखाओं द्वारा महिला शिक्षक संगोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। संघ के जिला प्रवक्ता राजेन्द्र दीवान ने बताया कि इन संगोष्ठियों में महिला सशक्तिकरण की प्रतीक महादेवी अबक्का रानी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर व्याख्यान माला के साथ महिला शिक्षकों की समस्याओं व उनके समाधान पर चर्चा की जावेगी।जिला महिला मंत्री इंद्रा देवी गुर्जर व जिला उपाध्यक्ष मधुबाला मोदी ने बताया कि करौली शहर एवं ठामीण की बैठक प्रात: 11:00 बजे से दाखा देवी बालिका माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में, नादौती की महात्मा गांधी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय गुढ़ाचंद्र जी में, टोडाभीम की आदर्श विद्या मंदिर में,हिंडौन की राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मोहन नगर में, सपोटरा की मीना धर्मशाला में, मंडरायल की आदर्श विद्या मन्दिर में, श्री महावीर जी की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दानालपुर में तथा मासलपुर की राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मासलपुर में आयोजित की जायेंगी।

बाल अधिकारों पर विद्यार्थियों को दी विधिक जानकारी

■ केंद्रीय विद्यालय में बाल दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और सेमिनार

गंगापुर सिटी । पीएम श्री केंद्रीय स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को बाल अधिकारों और विभिन्न विधिक सहायता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिन्होंने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस पर उनकी प्रतिमा पर प्रिंसिपल सत्यनारायण मीणा द्वारा पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद कक्षा 6 की छात्रा अंजलि मीणा ने पंडित नेहरू के जीवन, व्यक्तित्व और उनके योगदान पर प्रकाश डाला।सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में कक्षा पहली और दूसरी के विद्यार्थियों ने हैप्पी चिल्ड्रेंस डे गीत पर आकर्षक प्रदर्शन किया।

कक्षा छठी के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत आदिवासी नृत्य ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया, वहीं कक्षा सातवीं की बालिकाओं ने राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत कर खूब सराहना बटोरी।प्राथमिक विभाग के विद्यार्थियों ने बाल दिवस पर स्वतंत्रता सेनानियों और विभिन्न प्रेरणादायी पात्रों की वेशभूषा धारण कर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में कक्षा पांच की अनुष्का मीणा (मंजुलिका) ने प्रथम, कक्षा तीसरी की ध्वनि सोनी (झांसी की रानी) ने द्वितीय और अनिष्का मेहर (राधा) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रिंसिपल ने सभी विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।इसके बाद प्राथमिक विभाग की ओर से बाल मेले का आयोजन किया गया। प्राचार्य ने फीता काटकर इसका शुभारंभ किया। इस मेले में विद्यार्थियों ने छोटे-छोटे स्टॉल संचालित कर व्यवसाय से जुड़े व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किए, जिससे उनमें उद्यमिता की भावना विकसित हुई। कार्यक्रम के अंत में ताल्लुका विधिक सेवा समिति गंगापुर की ओर से एक सेमिनार आयोजित किया गया। एडवोकेट संतोष कुमार वर्मा और एडवोकेट सत्यभान सिंह राजपूत ने स्कूल के पुस्तकालय में विद्यार्थियों को बाल अधिकारों और विभिन्न विधिक सहायता संबंधी विस्तृत जानकारी दी। सेमिनार के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक कई प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने संतोषजनक समाधान किया। कार्यक्रम का समापन वरिष्ठ शिक्षिका शिखा गर्ग द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

विविध भारती मुंबई के कार्यक्रमों का प्रसारण

करौली, (निंसं.)आकाशवाणी एफएम करौली के प्रभारी अशोक कुमार उपाध्याय ने बताया कि आकाशवाणी महानिदेशालय में लिए गए निर्णय अनुसार ई फाइल की पालना में क्लस्टर हेड आकाशवाणी जयपुर से प्राप्त आदेश की पालना में 14 नवंबर 2025 से आकाशवाणी करौली से विविध भारती मुंबई के कार्यक्रमों का प्रसारण प्रात: 6:00 बजे से रात 11:00 बजे तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूर्व में अब तक प्रसारित हो रहा जयपुर का अआमेर चैनल प्रसारण बंद हो जाएगा उन्होंने बताया कि आकाशवाणी के समस्त श्रोता मनोरंजन ज्ञानवर्धक फिल्म संगीत से भरे कार्यक्रमों व समाचारों का आनंद ले सकते हैं।

करौली शहर में चोर गिरोह सक्रिय

करौली, (निंसं.) करौली शहर में चोरी की घटनाओं ने आमजन को हैरान कर दिया है। आए दिन सोशल मीडिया पर चोरियों के नए वीडियो वायरल हो रहे हैं। इन वीडियो में चोर घरों के अंदर घुसते और कुछ ही मिनटों में सामान लेकर फरार होते साफ नज़र आते हैं। करौली शहर के कई इलाकों में हुई लगातार चोरियों ने लोगों में भय का माहौल बना दिया है जबकि पुलिस की कार्रवाई पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।सबसे ताज़ा मामला शहर के चटीकना मोहल्ले का है जहां दिनदहाड़े चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में दो युवक पहले घर के बाहर मंडराते फिर मौका देखकर अंदर घुसते और कुछ देर बाद चोरी का सामान लेकर निकलते दिखाई देते हैं। स्थानीय लोगों ने इस फुटेज को सोशल मीडिया पर डाला गया जिसके बाद शहर में फिर से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर समय-समय पर लोग सवाल उठाने लगे हैं।

शहर में सिर्फ एक ही नहीं, बल्कि कई स्थानों पर इसी तरह की वारदातें हुई हैं। लोगों का आरोप है कि अगर पुलिस समय रहते प्रभावी कदम उठाए तो इन घटनाओं पर रोक लगाई जा सकती है।शहर के वरिष्ठ नागरिक भूपेंद्र भारद्वाज ने करौली में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कुछ दिन पहले ही सोशल मीडिया पर एक वीडियो देखा जिसमें रात के समय चोर घर में घुसते और निकलते दिख रहे थे। कई मोटरसाइकिलें चोरी हो चुकी हैं। पिछले दो-तीन महीनों से चटीकना मोहल्ले और अन्य इलाकों में दिनदहाड़े घरों से सिलेंडर, जेवरात, नकदी और जरूरी सामान तक उठा ले गए। विधवा महिला के घर में भी सेंध लगाकर पैसे निकाल ले गए। यह सब बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और पुलिस की नाकामी साफ दिखाई देती है। उन्होंने कहा इन चोरियों का बड़ा कारण नशाखोरी है।

दिव्यांग सहायता शिविर में 750 से अधिक पंजीकरण

गंगापुर सिटी । लायंस क्लब सार्थक, भारत सेवा संस्थान, भारत सेवा ट्रस्ट और भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर के संयुक्त देखरेख में निशुल्क दिव्यांगजन सहायता शिविर का शुभारंभ हुआ। शुक्रवार को रामशाला बजरिया में आयोजित इस शिविर में पंजीकरण काउंटरों पर लाभार्थियों की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे शिविर परिसर दिनभर गुलजार रहा। शिविर के उद्घाटन समारोह में डीजी सुधीर वाजपेयी मुख्य मेहमान रहे। विशिष्ट अतिथियों में हेमेंद्र तिवारी, रीजन चेयरपर्सन विवेक कुमार मीणा, एरिया लीडर दिनेश सिंघल, भारत सेवा संस्थान के प्रभारी नरपत सिंह कछवा, पूर्व जोन चेयरपर्सन रीना पालीवाल, जोन चेयरपर्सन आनंद गोयल और धर्मेंद्र गुप्ता एडवोकेट सहित कई जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी मंचासीन थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लायंस क्लब सार्थक के अध्यक्ष डॉ. अनिल टोडवाल ने की।

पूर्व विधायक एवं भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने भी शिविर स्थल का दौरा किया और व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए टीम भावना की सराहना की। अतिथियों का स्वागत ललित किशोर, जीतेंद्र गुप्ता, मयंक शर्मा और उनकी टीम ने माला-तिलक के साथ किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. मुकेश गर्ग और क्लब के पदाधिकारियों ने भी मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया। भोजन व्यवस्था की जिम्मेदारी राजेश मंगल, विजया गुप्ता, आशीष अग्रवाल, मयंक गुप्ता और सहयोगी सदस्यों ने संभाली। पंजीकरण केंद्र पर लाभार्थियों की लंबी कतारें देखी गईं, जहां 750 से अधिक पंजीकरण दर्ज किए गए। काउंटर संचालन में डॉ. संतोष भंडारी, समीर विश्वास और नरेश अग्रवाल सक्रिय रहे। एनसीसी कैडेट्स और स्काउट-गाइड्स ने शिविर की व्यवस्थाओं को सुचारु बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। मुख्य मेहमान सुधीर वाजपेयी ने लायंस क्लब सार्थक की सेवा भावना और उत्कृष्ट आयोजन क्षमता की प्रशंसा करते हुए इसे समाजसेवा का अनुकरणीय उदाहरण बताया। रीजन चेयरपर्सन विवेक कुमार मीणा और एरिया लीडर दिनेश सिंघल ने भी इस शिविर को मानवसेवा की मिसाल करार दिया। अतिथियों ने दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल, बैसाखी सहित अन्य उपकरण वितरित किए।शिविर संयोजक डॉ. मुकेश गर्ग ने जानकारी दी कि लाभार्थियों को ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखियां, कृत्रिम हाथ-पैर, कैलिपर्स और सुनने की मशीनें प्रदान की जा रही हैं। कृत्रिम हाथ-पैर का निर्माण शिविर स्थल पर ही माप लेकर किया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक ने तबादला सूची की जारी

करौली, (निंसं.) जिला पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल ने गुरुवार को कई जिलों की कमान बदलते हुए तबादला सूची जारी की है। जिसमें 16 निरीक्षक एवं 6 उप निरीक्षकों के तबादले किए गए हैं। जिला पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल ने बताया कि पुलिस निरीक्षक हेमंत वर्मा को पुलिस लाइन से अपराध सहायक कार्यालय हाजा, बैकठाउंड मीणा को बीकानेर रेंज स्थानांतरण से प्रभारी मानव तस्करी विरोधी यूनिट करौली, हरबंस सिंह को आयुतालय जयपुर से स्थानांतरण होने पर साइबर क्राइम थाना करौली, वीर सिंह को थाना अधिकारी नादौती से थाना अधिकारी सदर करौली, परमजीत सिंह को पुलिस लाइन से थाना अधिकारी मासलपुर, राम अवतार मीणा को पुलिस लाइन से थाना अधिकारी कैलादेवी, नोबेल सिंह को थाना अधिकारी थाना सूरौठ से थाना अधिकारी महिला थाना करौली, गिर्राज प्रसाद को थाना अधिकारी कैलादेवी से थाना अधिकारी महावीर जी, पुरुषोत्तम सिंह को पुलिस लाइन से थाना अधिकारी थाना सदर हिंडौन, नरेश पोसवाल को पुलिस लाइन से थाना अधिकारी नई मंडी हिंडौन, सोहन सिंह को पुलिस लाइन से थाना अधिकारी थाना सूरौठ, सुनीलाल को पुलिस लाइन से थाना अधिकारी टोडाभीम, उमेंद्र सिंह को पुलिस लाइन से थाना अधिकारी नादौती, हरेंद्र सिंह को पुलिस लाइन से थाना अधिकारी गढमोरा, अभिजीत कुमार मीणा को पुलिस लाइन से थाना अधिकारी सपोटरा, एवं श्रीमती मंजू कुमारी को पुलिस लाइन से थाना अधिकारी कुडगॉव लगाया गया है उन्होंने बताया कि इसके अलावा ओपन निरीक्षक रामदीन शर्मा को पुलिस लाइन से प्रभारी यातायात शाखा करौली, देवेश सिंह को प्रभारी डीएसटी से थाना अधिकारी करणपुर, रामनिवास को थाना अधिकारी महावीर जी से प्रभारी यातायात शाखा हिंडौन सिटी, कालीचरण शर्मा को पुलिस लाइन से प्रभारी पुलिस चौकी बालाजी थाना टोडाभीम के अलावा उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह को पुलिस लाइन से प्रभारी पुलिस चौकी महू थाना नई मंडी हिंडौन सिटी के पद पर लगाया गया है उन्होंने तबादला किए गए सभी पुलिस अधिकारियों को बिना जॉइनिंग समय का उपयोग किया अपनी उपस्थिति नवीन प्रतिस्थापन स्थान पर दिया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

बाल दिवस पर नन्हें नन्हें बालकों ने किया नृत्य

करौली (निंसं.) एकट बोधठाम संस्था के कार्यक्रम प्रभारी मनोज शर्मा ने बताया की हर वर्ष की भांति शुक्रवार को नि:शब्द विद्यालय में बाल दिवस मनाया गया जिसकी शुरुआत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अतिरिक्त जिला सेंशन न्यायाधीश ममता चौधरी ने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु के चित्रपट्ट पर माल्यार्पण कर की कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त जिला सेशन न्यायाधीश ममता चौधरी ने अपने संबोधन में कहा की बालको के अधिकारों की रक्षा करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी हैं संस्था द्वारा बच्चों की शिक्षा और अधिकारों के लिए किए जा रहे कार्य सराहनीय हैं इस अवसर पर मूक बधिर बच्चो ने सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेकर खुशी का इजहार किया साथ ही चित्रकला, कुर्सी दौड़ लपक जलेबी, रुमाल झप्पटा, नींबू दौड़ आदि प्रतियोगिताओ का आयोजन हुआ चित्रकला में पिंकी माली, कुर्सी दौड़ में प्राची, रुमाल झपट्टा में रेहान एंड पार्टी, नींबू दौड़ में प्रीति, जलेबी दौड़ में रुचिका धाकड़ प्रथम रही इस दौरान विद्यालय की स्नेहलता राजावत, पुष्पेंद्र सिंह, अनुज प्रताप सिंह, भावना शर्मा, खुशी शर्मा ,अनिल पाल,मलखान, अतुल शर्मा, गोपाल चतुर्वेदी ,हरिमोहन ,आशा योगी सहित विद्यालय के बालक बालिका एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहा अंत मे संस्था के मनोज शर्मा ने सभी अतिथियों का आभार जताया।

हिंडौन में लगा करौली जिले का पहला डेढ सौ यूनिट प्रतिमाह वाला सोलर

हिंडौन सिटी। करौली जिले का पहला डेढ सौ यूनिट प्रतिमाह वाला सोलर हिंडौन की जाटव बस्ती में लगा है। इस सोलर का एक समारोह के दौरान शुक्रवार को जयपुर डिस्कॉम करौली के अधीक्षण अभियंता रूपसिंह गुर्जर ने विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान जयपुर डिस्कॉम के एक्सईएन, एईएन, जेईएन सहित शहर के प्रमुख लोग उपस्थित रहे। जयपुर डिस्कॉम करौली के अधीक्षण अभियंता रूपसिंह गुर्जर ने बताया कि जिले में पहला डेढ सौ यूनिट वाला सोलर फर्म डीडी एन्टरप्राइजेज प्रो. पवन कुमार शर्मा द्वारा लगाया गया है। यह सोलर जाटव बस्ती के पंजीकृत उपभोक्ता विजय सिंह जाटव के आवास पर लगाया गया है। उपभोक्ता विजय सिंह के आवास के बाहर श